एक है बाबा खाटू श्याम एक है बाला जी हनुमान

(भारत की इस देव दरा को, जाने सब संसार,
समय समय यहाँ होते रहते, ईश्वर के अवतार,
सालासर में बजरंग बाला, राम भक्त हनुमान,
मधुप कृष्ण हरी खाटू प्रगटे, बन के श्याम भगवान।)

कलयुग के प्रतक्ष देवता, दोनों देव महान,
एक है.. जय हो...
एक है बाबा खाटू श्याम, एक है बाला जी हनुमान....

हनुमान शंकर अवतारी, बाबा श्याम है कृष्ण मुरारी,
दोनों ही देते है सबको, मुँह माँगा वरदान,
एक है बाबा खाटू श्याम, एक है बाला जी हनुमान....

बाबा श्याम हारे के सहारे, हनुमत राम के काज सवारे,
अतुलित बल के धाम है दोनों, दोनों महा बलवान,
एक है बाबा खाटू श्याम, एक है बाला जी हनुमान....

बाबा श्याम खाटू के राज़ी, सालासर हनुमान विराजे,
बाबा नाम से जाने जाते, दोनों संत सजान,
एक है बाबा खाटू श्याम, एक है बाला जी हनुमान....

भाव को प्यार से श्याम मनावे, असू चित्र बाला मन भावे,
बड़े ही मशहूर मधुप ये, दोनों सिद्ध स्थान,
एक है बाबा खाटू श्याम, एक है बाला जी हनुमान....

(सर्वाधिकार लेखक आधीन सुरक्षित। भजन में अदला बदली या शब्दों से छेड़-छाड़ करना सख्त वर्जित है)

कवि : सुप्रसिद्ध लेखक एवं संकीर्तनाचार्य श्री केवल कृष्ण **'मधुप'** (मधुप हरि जी महाराज) अमृतसर (9814668946)
स्वर : सर्व मोहन (टीनू सिंह)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29244/title/ek-hai-baba-khatu-shyam-ek-hai-bala-ji-hanuman

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |